# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–27.11.2024 (दोपहर–1455 बजे)
## मुख्य समाचार

झारखंड में 28 नवंबर को नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार हेमंत सोरेन को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाएंगे। इनके साथ ही कुछ नवनिर्वाचित विधायकों को भी मंत्री पद की शपथ दिलायी जायेगी। इससे पहले कार्यवाहक मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा इंडिया गठबंधन के कई शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर उन्हें शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने का आमंत्रण दिया।

****************

इस बीच लोजपा–आर के प्रमुख और केन्द्रीय मंत्री चिराग पासवान ने झारखंड में पार्टी की ओर से एक विधायक निर्वाचित होने पर प्रसन्नता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि अब एक और राज्य में लोजपा–आर का प्रतिनिधित्व रहेगा।

****************

केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने आज नयी दिल्ली में राष्ट्रीय अभियान– बाल विवाह मुक्तं भारत का शुभारंभ किया। अभियान का प्राथमिक लक्ष्य देश को बाल विवाह से मुक्ति दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री ने बाल विवाह मुक्ति भारत पोर्टल भी शुरू किया। इस ऑनलाइन प्लेटफॉर्म की शुरूआत जागरूकता बढ़ाने, बाल विवाह रोकने और ऐसी घटनाओं की तुरंत सूचना देने के मिशन में सहयोग के लिए की गई है। महिला और बाल विकास मंत्री ने इस अवसर पर बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक संकल्प  भी दिलाया और बाल विवाह की कुप्रथा को समाप्त करने के लिए आम लोगों को बढ़–चढ़कर अपनी जिम्मेवारी निभाने का आह्वान किया।

****************

झारखंड में खरीफ विपणन वर्ष 2024–25 के लिए धान खरीदारी की शुरुआत 15 दिसंबर से होगी। इस विपणन वर्ष में धान खरीद के लिए 6 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य निर्धारित है। इसमें झारखंड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना के लिए लक्ष्य 2.3 लाख मिट्रिक टन और सेंट्रल पुल के लिए 3.7 लाख मिट्रिक टन निर्धारित है। इधर केंद्र सरकार ने वित्त वर्ष 2024–25 के लिए सामान्य किस्म के धान के लिए 2 हजार 300 रुपए प्रति क्विंटल और ग्रेड–ए किस्म के धान की फसल के लिए 2 हजार 320 रुपए न्यूनतम समर्थन मूल्य तय किया है।

****************

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत राज्य में संचालित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए कॉमन रिव्यू मिशन–सीआरएम की टीम झारखंड दौरे पर आयी है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के निदेशक डॉ इंद्रानिल दास और अवर सचिव मलय कुमार के नेतृत्व में स्वास्थ्य विशेषज्ञों की टीम साहेबगंज और पूर्वी सिंहभूम जिले में स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा करेगी।

****************

चाईबासा में लगने वाला ऐतिहासिक गोपाष्टमी मेला शुरू हो गया है। हमारे संवाददाता ने बताया कि चुनाव की वजह से इस मेले के आयोजन को टाल दिया गया था।

****************

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षा को लेकर रेलवे रांची और पटना के बीच धनबाद होकर 26 नवंबर से 29 नवंबर तक परीक्षा स्पेशल ट्रेन चला रहा है। रांची–पटना परीक्षा स्पेशल ट्रेन 27 और 28 नवंबर को रांची से रात 11 बजकर 10 मिनट पर खुलेगी और धनबाद होते हुए अगले दिन दोपहर 2 बजकर 45 मिनट पर पटना पहुंचेगी। वापसी में पटना–रांची एक्सप्रेस 27 और 29 नवंबर को पटना से दोपहर 3 बजकर 15 मिनट पर खुलेगी और अगले दिन सुबह 6 बजकर 30 मिनट पर रांची पहुंचेगी।

******समाप्त*******